# मध्य प्रदेश राज्य सेवा (प्रारंभिक परीक्षा)

## सामान्य अध्ययन प्रश्न पत्र - 2018

**1. कम्प्यूटर पर लिखित लिंक्ड जानकारी के संग्रह को, जो इंटरनेट के माध्यम से उपलव्य होती हैं,.. कहा जाता है ।**

( अ ) वेब सर्वर ( Web Server )

( ब ) वेब स्टोर ( Web Store )

**( स ) वर्ल्ड वाइड वेब ( World Wide Web )**

( द ) वेब इन्फॉर्मेशन ( Web Information )

**व्याख्या** - वर्ल्ड वाइड वेब कम्प्यूटर पर लिखित लिंक्ड जानकारी के संग्रह को जो इंटरनेट के माध्यम से उपलब्ध होती है वर्ल्ड वाइट वेब ( www ) कहा जाता है ।

**2. वेब साइट खोलने के बाद वेब ब्राउजर द्वारा प्रदर्शित पहले पृष्ठ को.... कहा जाता है ।**

**( अ ) होम पेज ( Home page )**

( ब ) ब्राउजर पेज ( Browser Page )

( स ) सर्च पेज ( Search page )

( द ) बुकमार्क ( Bookmark )

**व्याख्या** - होम पेज इंटरनेट पर वेबसाइट खोलने के बाद बेव ब्राउजर द्वारा प्रदर्शित पहले पृष्ठ को होम पेज कहा जाता है।... खोज क्षमता, ई - मेल, समाचार

**3. .... खोज क्षमता, ई - मेल, समाचार, स्टॉक की कीमतें, मौसम सम्बन्धी जानकारी, खेल मनोरंजन जैसी सेवाएं प्रदान करती है ।**

(अ) हॉस्टल (Hostel) **( ब ) पोर्टल ( Portal )**

(स) आर्टिकल (Article) (द) न्यूजपेपर (Newspaper)

**व्याख्या** - वेब पोर्टल खोज क्षमता, ई - मेल, समाचार स्टॉक की कीमतें मौसम संबंधी जानकारी खेल और मनोरंजन जैसी सेवायें प्रदान करती है ।

**4. निम्नलिखित संक्षेप में से कौन - सा सामान्य रूप से अवांछित जंक - ईल मेल का वर्णन करता है?**

( A ) CRAM ( B ) DRAM

( C ) JAM **( D ) SPAM**

**व्याख्या** - SPAM ( स्पैम ) को Junk Email ( जंक ई - मेल ) एवं unisolicited Bulk - E - mail भी कहा जाता है । इसमें अवांछित ई - मेल अनेक व्यक्तियों को उनके ई - मेल एड्रेस पर भेजा जाता है ।

**5. एक जानबूझकर विघटनकारी सॉफ्टवेयर, जो कम्प्यूटर से कम्प्यूटर तक फैलता है, को..... कहा जाता है ।**

( अ ) सर्च इंजन ( Seach engine )

( ब ) चैट सॉफ्टवेयर ( chat software )

( स ) ई - मेल ( E - mail )

**( द ) वायरस ( virus )**

**व्याख्या** - वायरस एक जानबूझकर विघटनकारी सॉफ्टवेयर जो कम्प्यूटर से कम्प्यूटर तक फैलता है वायरस कहलाता है ।

**6. निम्नलिखित में से कौन - सा वीडियो कॉन्फरेंसिंग सिस्टम लिए एक आवश्यक घटक नहीं है?**

( अ ) वीडियो कैमरा ( video camera )

( ब ) डिस्प्ले डिवाइस ( Display device )

**( स ) टेलीफोन ( Telphone )**

( द ) माइक्रोफोन ( Microphone )

**व्याख्या** - टेलीफोन वीडियो कैमरा, डिस्प्ले डिवाइस, एवं माइक्रोफोन वीडियो कॉन्फ्रेसिंग सिस्टम के आवश्यक घटक है जबकि टेलीफोन वीडियो कॉन्फ्रेसिंग का आवश्यक घटक नहीं है । टेलीफोन का उपयोग ऑडियो सिस्टम में होता है ।

**7. निम्नलिखित में से कौन - सी साइबर अपराध की दो आवश्यक विशेषताएं हैं?**

( अ ) कार्य - प्रणाली की रूप में कम्प्यूटर प्रौद्योगिकी तथा पर्यावरण की अखंडता

**( ब ) अपराधी कम्प्यूटर दक्षता तथा कम्प्यूटर प्रौद्योगिकी की शिकार अनभिज्ञता**

( स ) हार्डवेयर तथा सॉफ्टवेयर

( द ) हैकर्स ( Hackers ) तथा क्रैकर्स ( crackers )

**व्याख्या** - अपराधी कम्प्यूटर क्षमता तथा कम्प्यूटर प्रौद्योगिकी की शिकार अनभिज्ञता साइबर अपराध की दो आवश्यक विशेषताएँ हैं ।

**8. शब्द.... का आशय है एक ऐसा व्यक्ति, जो बिना किसी प्राधिकरण के कम्प्यूटर सिस्टम में सेंध लगाकर घुसता है, जालसाजी के उद्देश्यों के लिए जानबूझकर वेब साइट को विकृत करता है ।**

( अ ) व्हाइट हैट ( white hat ) ( ब ) हेकर ( hacker )

**( स ) क्रैकर ( cracker )** ( द ) स्टैकर ( stacker )

**व्याख्या** - क्रेकर शब्द का आशय है एक ऐसा व्यक्ति जो बिना किसी प्राधिकरण के कम्प्यूटर सिस्टम में सेंध लगाकर घुसता है, जालसाजी के उद्देश्यों के लिये जानबूझकर बेवसाइट के विकृत करता है। जबकि हैकर वह व्यक्ति होता है जो सॉफ्टवेयर तथा नेटवर्क में विद्यमान सुरक्षा खामियों को पता लगाकर उनका उपयोग नेटवर्क में घुसने तथा डाटा का अनाधिकृत प्रयोग करने के लिये करता है ।

9. **जब किसी वेब साइट के ग्राहक नकली नेटवर्क यातायात के बाढ़ के कारण इसे एक्सेस करने में असमर्थ होते हैं, तो इसे निम्नलिखित में से किस प्रकार से जाना जाता है ।**

( अ ) वायरस ( Virus )

( ब ) ट्रोजन हॉर्स ( Trojan horse )

( स ) क्रैकिंग ( Cracking )

**( द ) डिनायल ऑफ सर्विसं ऐटाक ( Denial of service attack )**

**व्याख्या** - डिनायल ऑफ सर्विस अटैक जब किसी वेबसाइट के ग्राहक नकली नेटवर्क यातायात के बाढ़ के कारण उसे एक्सेस करने में असमर्थ होते हैं तो इसे डिनायल ऑफ सर्विस अटैक कहते है ।

10. **अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण ) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत किस धारा में'आर्थिक बहिष्कार को परिभाषित किया गया है?**

( अ ) धारा 2 ( ख )　　**( ब ) धारा 2 ( ख ग )**

( स ) धारा 2 ( ख च )　( द ) धारा 2 ( ख छ )

**व्याख्या** - अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण ) अधिनियम 1989 के अंतर्गत धारा 2 (खग) [ Section ( 2bc ) ] में आर्थिक बहिष्कार को परिभाषित किया गया है ।

11. **अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की निम्नलिखित में से किस धारा में'अग्रिम जमानत'प्रतिबंधित है?**

( अ ) धारा 22　　( ब ) धारा 20

**( स ) धारा 18**　　( द ) धारा 16

**व्याख्या** - धारा 18 अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति ( अत्याचार निवारण ) अधिनियम 1989 की धारा 18 में से "अग्रिम जमानत प्रतिबंधित"है ।

12. **अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति नियम, 1995 की निम्नलिखित में से किस धारा के अंतर्गत वार्षिक रिपोर्ट के लिए सामग्री'का उपबन्ध किया गया है? ***

**( अ ) धारा 18**　　**( ब ) धारा 20**

**( स ) धारा 22**　　**( द ) धारा 24**

**व्याख्या - इस प्रश्न को आयोग ने डिलीट कर दिया ।**

13. **अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति, जो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का सदस्य नही है, जादू-टोना करने या डाइन के अभिकथन पर अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के सदस्य को शारीरिक हानि पहुंचायेगा या मानसिक यन्त्रणा देगा, वह किस अवधि के कारावास से दंडित होगा?**

**( अ) जिसकी अवधि छः माह से कम की नहीं होगी, किन्तु जो पांच वर्ष की हो सकेगी और जुर्माने से**

( ब ) जिसकी अवधि छः माह से कम की नहीं होगी और जुर्माने से

( स ) जिसकी अवधि एक वर्ष की होगी और जुर्माने से

( द ) जिसकी अवधि पांच वर्ष की होगी और जुर्माने से

**व्याख्या** - SC/ST Act 1989 के अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति जो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का सदस्य नही है, जादू-टोना करने या डाइन होने के अभिकथन पर अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के सदस्य को शारीरिक हानि पहुंचायेगा या मानसिक यंत्रणा देगा वह जिसकी अवधि छः माह से कम की नहीं होगी किन्तु जो पांच वर्ष तक की हो सकेगी के कारावास एवं जुर्माने से दंडित होगा।

14. **अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 में कुल कितनी धाराएं हैं?**

(अ) 18　　(ब) 22

**(स) 23**　　(द) 27

**व्याख्या**- अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 में कुल 23 धाराएं हैं।

**15. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 की निम्नलिखित में से किस धारा के अन्तर्गत 'सामूहिक जुर्माना अधिरोपित करने की राज्य सरकार की शक्ति' का उपबन्ध किया गया है?**

( अ ) धारा 10 **( ब ) धारा 10क**

( स ) धारा 14 ( द ) धारा 14क

**व्याख्या-** धारा 10क सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 की धारा 10क के अन्तर्गत "सामूहिक जुर्माना" अधिरोपित करने की राज्य सरकार की शक्ति का उपबंध किया गया है।

**16. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 की निम्नलिखित में से किस धारा के** अन्तर्गत'सद्भावनापूर्वक की गई कार्यवाही के लिए संरक्षण'का उपबंध किया गया है?

( अ ) धारा 16क ( ब ) धारा 15क

( स ) धारा 16क **( द ) धारा 14क**

**व्याख्या-** सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 की धारा 14क के अन्तर्गत'सद्भावनापूर्वक की गई कार्यवाही के लिए संरक्षण''का उपबंध किया गया है।

**17. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 की निम्नलिखित में से किस धारा के अन्तर्गत 'कम्पनियों द्वारा अपराध'का उपबंध किया गया है?**

( अ ) धारा 10 ( ब ) धारा 12

**( स ) धारा 14** ( द ) धारा 16

**व्याख्या-** सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 की धारा 14 के अन्तर्गत'कम्पनियों द्वारा अपराध का उपबंध किया गया है।

**18. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 का विस्तार है।**

**( अ ) सम्पूर्ण भारत पर**

( ब ) जम्मू और कश्मीर राज्य को छोड़ सम्पूर्ण भारत पर

( स ) केन्द्रशासित प्रदेशों पर

( द ) केवल जम्मू और कश्मीर राज्य पर

**व्याख्या-** सम्पूर्ण भारत पर सिविल अधिकार अधिनियम, 1955 का विस्तार सम्पूर्ण भारत पर है।

**19. मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम के संबंध में कौन-सा कथन सही है?**

( अ ) यह अधिनियम 12 सितम्बर, 1993 को प्रवृत्त हुआ।

**( ब ) यह अधिनियम 28 सितम्बर, 1993 को प्रवृत्त हुआ।**

( स ) यह अधिनियम 23 सितम्बर, 1995 को प्रवृत्त हुआ।

( द ) यह अधिनियम 28 सितम्बर, 1995 को प्रवृत्त हुआ।

**व्याख्या-** मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम 28 सितम्बर 1993 को प्रवृत्त हुआ।

**20. कौन राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का पदेन सदस्य नहीं है?**

( अ ) राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग का अध्यक्ष

**( ब ) भारतीय विधि आयोग का अध्यक्ष**

( स ) राष्ट्रीय अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग का अध्यक्ष

( द ) राष्ट्रीय महिला आयोग का अध्यक्ष

**व्याख्या-** भारतीय विधि आयोग का अध्यक्ष भारतीय विधि आयोग का अध्यक्ष राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का पदेन सदस्य नहीं है। जबकि राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग का अध्यक्ष SC/ST आयोग का अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष इसके पदेन सदस्य है।

**21. राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्यों की पदावधि पदग्रहण की तारीख से होती है-**

( अ ) पांच वर्ष तक या 65 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने तक

**( ब ) पांच वर्ष तक या 70 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने तक**

( स ) छः वर्ष तक या 65 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने तक

( द ) छः वर्ष तक या 70 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने तक

**व्याख्या-** राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्यों की पदावधि पदग्रहण की तारीख से 5 वर्ष तक या 70 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने तक की होती है।

**22. भारतीय दंड संहिता की धारा 175, धारा 178, धारा 179, धारा 180 या धारा 228 में वर्णित अपराध के संदर्भ में मानव अधिकार आयोग को समझा जाता है?**

(अ) आपराधिक न्यायालय

**(ब) सिविल न्यायालय**

(स) रेवेन्यु न्यायालय

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**व्याख्या**- सिविल न्यायालय भारतीय दंड संहिता की धारा 175, धारा 178, धारा 179, धारा 180 या धारा 228 में वर्णित अपराध के संदर्भ में मानव अधिकार आयोग को सिविल न्यायालय समझा जाता है।

**23. सशस्त्र बलों के सदस्यों द्वारा मानव अधिकारों के अतिक्रमण की शिकायतों के बारे में आयोग स्वप्रेरणा से या किसी अर्जी की प्राप्ति पर-**

( अ ) स्वयं जांच करेगा

( ब ) जांच करने हेतु संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित कर सकेगा

**( स ) केन्द्रीय सरकार से रिपोर्ट मांग सकेगा**

( द ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**व्याख्या**- (स) सशस्त्र बलों के सदस्यों द्वारा मानव अधिकारों के अतिक्रमण की शिकायतों के बारे में आयोग स्वप्रेरणा से या किसी अर्जी की प्राप्ति पर केन्द्र सरकार से रिपोर्ट मांग सकेगा।

**24. राज्य मानव अधिकार आयोग में सदस्य के रूप में उच्च न्यायालय का कोई आसीन न्यायाधीश या कोई आसीन जिला न्यायाधीश किसके परामर्श के पश्चार्त नियुक्त किया जा सकता है?**

( अ ) राज्यपाल

**( ब ) संबंधित राज्य के उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश**

( स ) भारतीय उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश

( द ) राष्ट्रपति

**व्याख्या**- राज्य मानव अधिकार आयोग में सदस्य के रूप में उच्च न्यायालय का कोई आसीन न्यायाधीश या कोई आसीन जिला न्यायाधीश संबंधित राज्य के उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श के पश्चात् नियुक्त किया जा सकता है।

**25. राज्य आयोग के अध्यक्ष के पद पर हुई रिक्ति की दशा में, किसी एक सदस्य को अध्यक्ष के रूप में कार्य करने के लिए प्राधिकृत करने की शक्ति किसे है?**

(अ) उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश

(ब) राष्ट्रपति

(स) राष्ट्रपति मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष

**(द) राज्यपाल**

**व्याख्या**- राज्य आयोग के अध्यक्ष के पद पर हुई रिक्ति की दशा में किसी एक सदस्य को अध्यक्ष के रूप में कार्य करने के लिए प्राधिकृत करने की शक्ति राज्यपाल को प्राप्त है।

**26. आयोग, राज्य आयोग का प्रत्येक सदस्य एवं मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम के अधीन कृत्यों का प्रयोग करने के लिए आयोग या राज्य आयोग द्वारा नियुक्त या प्राधिकृत प्रत्येक अधिकारी समझा जाता है?**

(अ) लोक अधिकारी

**(ब) लोक सेवक**

(स) आयोग का अधिकार

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**व्याख्या**- आयोग, राज्य आयोग का प्रत्येक सदस्य एवं मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम के अधीन कृत्यों का प्रयोग करने के लिए आयोग का राज्य आयोग द्वारा नियुक्त या प्राधिकृत प्रत्येक अधिकारी लोक सेवक समझा जाता है। (अनुच्छेद 39 के अन्तर्गत)

**27. राज्य आयोग अपना वार्षिक प्रतिवेदन किसके समक्ष प्रस्तुत करता है?**

(अ) राज्यपाल

**(ब) राज्य सरकार**

(स) उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश

(द) भारत के मुख्य न्यायाधीश

**व्याख्या**- राज्यपाल राज्य आयोग अपना वार्षिक प्रतिवेदन राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत करता है।

28. **मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम में सशस्त्र बल की परिभाषा में निम्नलिखित में से कौन-सा शामिल नहीं है?**

(अ) नौसेना (ब) राज्य के सशस्त्र बल

(स) थल सेना (द) वायु सेना

**व्याख्या**-राज्य के सशस्त्र बल मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम में सशस्त्र बल की परिभाषा में राज्य के सशस्त्र बल शामिल नहीं है जबकि नौसेना थलसेना एवं वायु शामिल है।

29. **मध्यप्रदेश के राज्य-पक्षी का नाम है-**

(अ) मोर

(ब) मूरहेन

(स) शाही बुलबुल (पैराडाइस फ्लाइकैचर)

(द) तोता

**व्याख्या**- (स) शाही बुलबुल (पैराडाइस फ्लाइकैचर) मध्य प्रदेश का राज्यपक्षी शाही बुलबुल या दूधराज है जिसका प्राणी वैज्ञानिक नाम पैराडाइस फ्लाइकैचर है।

30. **एन. जी. टी. का पूर्ण रूप है -**

( अ ) नैशनल ग्रीन ट्राइब्यूनल

( ब ) नेशनल जनरल ट्राइब

( स ) न्यू जनरल ट्राब्यूनल

( द ) नैशनल ग्रीन ट्राइब

**व्याख्या** - ( अ ) एन. जी. टी. का पूर्ण रूप नेशनल ग्रीन ट्राइब्यूनल ( राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण ) है जो पर्यावरण संबंधी मामलों एवं विवादों का सुलझाता है इसकी स्थापना वर्ष 2010 में हुई तथा एन. जी. टी. (NGT ) का मुख्यालय नई दिल्ली में हैं ।

31. **भारत का सबसे पहला जैविक खेती पर आधारित राज्य कौन सा है?**

( अ ) मध्य प्रदेश ( ब ) केरल

( स ) सिक्किम ( द ) अरुणाचल प्रदेश

**व्याख्या** - ( स ) भारत का सबसे पहला जैविक खेती पर आधारित राज्या सिक्किम है ।

32. **मेट्रोपॉलिटिन शहरों में निम्नलिखित में से कौन - सा / से मुख्य वायु प्रदूषक है / हैं? ***

**( अ ) $O_3$ ( B ) CO एवं $SO_2$,**

**( C ) $CO_2$ एवं $NO_2$ ( D ) उपर्युक्त में से कोई नहीं**

**व्याख्या** - ( ब ) मेट्रोपॉलिटिन शहरों में कार्बन मोनोक्साइड (CO ) एवं सल्फर डाई ऑक्साइड ( $SO_2$ ) मुख्य वायुप्रदूषक है।

33. **निम्नलिखित में से कौन - सी औषधीय फसल है?**

( अ ) गन्ना ( ब ) घृतकुमारी

( स ) कपास ( द ) महुआ

**व्याख्या** - ( ब ) धृतकुमारी ( एलोवेरा ) औषधीय पौधा है, जबकि गन्ना से शर्करा ( सुगर ) कपास से रुई एवं महुआ से शराब तैयार की जाती है ।

34. **हरे पौधों द्वारा प्रकाश - संश्लेषण प्रक्रिया में प्रयुक्त सौर ऊर्जा का रूपांतरण किस रूप में होता है?**

( अ ) रासायनिक ऊर्जा ( ब ) भौतिक ऊर्जा

( स ) ( A ) और ( B ) दोनों ( द ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**व्याख्या** - ( अ ) हरे पौधों द्वारा प्रकाश - संश्लेषण प्रक्रिया में प्रयुक्त और ऊर्जा का रूपांतरण रासायनिक ऊर्जा ( $C_6H_{12}O_6$ ग्लूकोज ) के रूप में होता है ।

35. **मनुष्य की भव्यता की सीमा क्या है?**

( अ ) 20 हर्ट्स - 20000 हर्ट्स

( ब ) 80 हर्ट्ज - 100 हर्ट्स

( स ) 2 लाख हर्ट्स 4 लाख हर्ट्स

( द ) 0 हर्ट्स - 20 हर्ट्स

**व्याख्या** - ( अ ) मनुष्य की श्रव्यता की सीमा 20 हर्टज से 20000 हर्टज तक होती है । इस ध्वनि तरंगों को श्रव्य तरंगे भी कहते हैं ।

36. **निम्नलिखित में से कौन - सा मरुस्थल है?**

( अ ) सिन्धु क्षेत्र ( ब ) गंगा क्षेत्र

( स ) असम क्षेत्र ( द ) मध्य भारत क्षेत्र

**व्याख्या** - ( अ ) उपरोक्त विकल्पों में से सिन्ध क्षेत्र मरुस्थल का हिस्सा ह क्योंकि सिन्धु नदी तंत्र का कुछ क्षेत्र थार मरुस्थल ( भारत पाकिस्तान ) के अंतर्गत आता है ।

**37. 'अन्तर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस' कब मनाया जाता है?**

( अ ) 20 अप्रैल ( ब ) 5 जून

**( स ) 22 अप्रैल** ( द ) 3 मार्च

**व्याख्या** - ( स ) अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल को मनाया जाता है जबकि 22 मार्च को विश्व जल दिवस 22 मई को जैवविविधता दिवस एवं 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है।

**38. निम्नलिखित में से कौन - सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?**

| **पुस्तकों के नाम** | | **लेखक** |
|---|---|---|
| ( अ ) द बर्निंग फॉरेस्ट | - | नन्दिनी सुन्दर |
| ( ब ) वन इंडियन गर्ल | - | चेतन भगत |
| ( स ) जिन्ना ओफेन केम टू आवर हाउस | - | किरण दोशी |
| **( द ) आइलैंड ऑफ लॉस्ट गर्ल्स** | **-** | **कुणाल बासु** |

**व्याख्या** - ( द ) उपरोक्त विकल्पों से विकल्प ( द ) का युग्म सही सुमेलित नहीं है क्योंकि आइलैंड ऑफ लॉस्ट गर्ल्स पस्तक के लेखक जैनियर मैकमोहन है। इस पुस्तक के लेखक कुणाल बासु नहीं है।

**39. वर्ष 2017 में मध्य प्रदेश से राज्य सभा की एक सीट पर हुए उपचुनाव में इनमें से कौन - सी महिला निर्वाचित हुई?**

( अ ) यमुना देवी ( ब ) राधा देवी

**( स ) सम्पत्तिया उइके** ( द ) कविता उइके

**व्याख्या** - ( स ) सम्पतिया उइके वर्ष 2017 में मध्यप्रदेश से राज्यसभा की एक सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा के नेता एवं मंडला जिला पंचायत अध्यक्ष विधायक रही संपतिया उइके निर्वाचित हुई हैं।

**40. जनवरी 2018 तक भारत और पाकिस्तान ने एक समझौते के तहत अपने नाभिकीय ठिकानों की सूची का कितनी बार आदान प्रदान किया है, जिसमें यह कहा गया है कि दोनों देश एक - दूसरे के नाभिकीय ठिकानों पर हमला नहीं करेंगे?**

( अ ) 25 ( ब ) 26

**( स ) 27** ( द ) 28

**व्याख्या** - ( स ) जनवरी 2018 तक भारत और पाकिस्तान ने एक समझौते के तहत अपने नाभिकीय ठिकानों की सूची का 27 बार आदान प्रदान किया है जिसमें यह कहा गया है कि दोनों देश एक दूसरे के नाभिकीय ठिकानों पर हमला नहीं करेंगे।

**41. विशाल सिक्का के स्थान पर इन्फोसिस का सी. ई. ओ. किसे नियुक्त किया गया है?**

( अ ) दीपक पारेख **( ब ) सलिल पारेख**

( स ) नंदन नीलेकनी ( द ) एन. आर. नारायणमूर्ति

**42. वर्तमान में अन्तरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ( आइ. एम. एफ.) के सदस्य देशों की संख्या कितनी है?**

( अ ) 188 **( ब ) 189**

( स ) 187 ( द ) 190

**व्याख्या** - ( ब ) वर्तमान में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ( IMF ) के सदस्य देशों की संख्या 189 है। IMF का 189वां सदस्य नौरू देश बना है।

**43. मध्यप्रदेश विधान - सभा चुनाव, 2013 में कितनी महिलाएँ निर्वाचित हुई थीं?** *

**( अ ) 20** **( ब ) 22**

**( स ) 25** **( द ) 28**

**व्याख्या - आयोग द्वारा इस प्रश्न को डिलीट कर दिया है।**

**44. मध्य प्रदेश राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम किस वर्ष पारित किया गया?**

( अ ) 2003 ( ब ) 2004

**( स ) 2005** ( द ) 2006

**व्याख्या** - ( स ) मध्यप्रदेश राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम वर्ष 2005 में पारित किया गया एवं 1 जनवरी 2006 से प्रभावशील है।

**45. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने किस तिथि को जेरूसलम को इजरायल की राजधानी के रूप में मान्यता दी?**

( अ ) 6 जनवरी, 2018 ( ब ) 6 नवम्बर, 2017

( स ) 6 अक्टूबर, 2017 **( द ) 5 दिसम्बर, 2017**

**व्याख्या** - अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 6 दिसम्बर 2017 को जेरूसलम को इजरायल की राजधानी के रूप में मान्यता दी।

**46. विश्व बैंक एवं डी. आर. पी. पी. द्वारा अक्टूबर 2016 में जारी की गई कारोबार सुगमता रैंकिंग में किन दो राज्यों को संयुक्त रूप से पहला दर्जा मिला?**

( अ ) गुजरात एवं तेलंगाना
( ब ) तेलंगाना एवं छत्तीसगढ़
( स ) गुजरात एवं आंध्र प्रदेश
**( द ) आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना**

**व्याख्या** - ( द ) विश्व बैंक एवं डी. आई. पी. पी. द्वारा अक्टूबर 2016 में जारी की गई कारोबार सुगमता रैंकिंग में दो राज्यों आंध्रप्रदेश एवं तेलंगाना राज्यों को संयुक्त रूप से पहला दर्जा दिया गया है ।

**47. कालिका पुराण किस धर्म से सम्बन्धित है?**

( अ ) वैष्णव ( ब ) शाक्त
( स ) बौद्ध **( द ) जैन**

**व्याख्या** - कालिका पुराण जैन धर्म से संबंधित है ।

**48. प्राचीनकाल में किस वर्ण को'सार्थवाह'भी कहा जाता है?**

( अ ) ब्राह्मण ( ब ) क्षत्रिय
**( स ) वैश्य** ( द ) शूद्र

**व्याख्या** - ( स ) प्राचीनकाल में वैश्य वर्ण को सार्थवाह भी कहा जाता है ।

**49. शुंगों के पूर्वज मूलतः किस स्थान से थे?**

( अ ) मगध ( ब ) प्रयाग
**( स ) उज्जैन** ( द ) सौराष्ट्र

**व्याख्या** - ( स ) शुंगों के पूर्वज मूलत : उज्जैन से थे तथा पुष्यमित्र शुंग ने शुंग वंश की स्थापना की थी ।

**50. शेरशाह का उत्तराधिकारी था ।**

( अ ) शुजात खाँ **( ब ) इस्लामशाह**
( स ) फिरोजशाह ( द ) मुहम्मद शाह आदिल

**व्याख्या** - ( ब ) शेरशाह का उत्तराधिकारी इस्लामशाह ( जलाल खाँ ) था कलिंजर के आक्रमण ( 1545 ) के समय शेरशाह की मृत्यु उक्का नामक हथगोला से हई, तत्पश्चात् उसका पुत्र जलाल खां इस्लामशाह की उपाधि धारण कर शासक बना ।

**51. ईस्ट इंडिया कम्पनी की प्रारंभिक दौर में वेस्टर्न प्रेसीडेंसी कहाँ थी?**

**( ब ) सतारा** ( अ ) सूरत
( स ) बॉम्बे ( द ) पणजी

**व्याख्या** - ( अ ) ईस्ट इंडिया कंपनी की प्रारंभिक दौर से वेस्टर्न प्रेसीडेंसी सूरत में स्थापित हुई थी ।

**52. "ब्रिटिश साम्राज्य पूरी तरह से सड़ चुका है, हर तरह से भ्रष्ट, अत्याचारी व हीन है ।"यह कथन किनके द्वारा किया गया था?**

**( अ ) सिस्टर निवेदिता** ( ब ) सावित्रीबाई फुले
( स ) एनी बेसेंट ( द ) बाल गंगाधर तिलक

**व्याख्या** - ( अ ) "ब्रिटिश साम्राज्य पूरी तरह से सड़ चका हे हर तरह से भ्रष्ट, अत्याचारी व हीन है ।" यह कथन सिस्टर निवेदिता द्वारा कहा गया था ।

**53. 'भारत छोड़ो' का नारा किसने दिया था?**

( अ ) महात्मा गाँधी ( ब ) जवाहरलाल नेहरु
**( स ) युसुफ मेहर अली** ( द ) अरुण आसफ अली

**व्याख्या** - ( स ) भारत छोड़ों का नारा युसफ मेहर अली ने दिया था ।

**54. प्लान्ड इकोनॉमी फॉर इंडिया पुस्तक के लेखक कौन हैं?**

**( अ ) एम. विश्वेश्वरैया** ( ब ) जे. आर. डी. टाटा
( स ) जी. डी. बिरला ( द ) पट्टाभि सीतारमैया

**व्याख्या** - ( अ ) प्लान्ड इकोनॉमी फॉर इंडिया पुस्तक के लेखक एम. विश्वेश्वरैया हैं जसमें उन्होंने भारत के नियोजन व्यवस्था का उल्लेख किया है ।

**55. किस नरसंहार को मध्य प्रदेश का जलियाँवाला बाग काण्ड कहा जाता है?**

**( अ ) चरणपादुका नरसंहार** ( ब ) झाबुआ नरसंहार
( स ) माण्डला नरसंहार ( द ) अमझेरा नरसंहार

**व्याख्या** - ( अ ) 14 जनवरी 1931 को मकर संक्रांति के दिन छतरपुर रियासत में उर्मिल नदी किनारे चरण - पादुका में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की सभा चल रही थी जिस पर अंग्रेज पॉलिटिकल एजेंट फिशर ने अंधाधुंध गोलियाँ चलवा दी जिसमें छह लोग शहीद हुई इस चरण पादुका नरसंहार को मध्यप्रदेश का जलियाँवाला बाग कांड कहा जाता है ।

**56. भारत की सबसे लम्बी नदी है-**

( अ ) ब्रह्मपुत्र **( ब ) गंगा**
( स ) गोदावरी ( द ) सिन्धु

**व्याख्या** - ( ब ) भारत की सबसे लम्बी नदी गंगा नदी है गंगा नदी की लंबाई 2525 किमी. है ।

**57. भारत की दक्षिणतम पर्वतश्रेणी है-**

( अ ) नीलगिरि ( ब ) अन्नामलाई

**( स ) कामिम** ( द ) नल्लामलाई

**व्याख्या** - ( स ) भारत की सबसे दक्षिणतम पर्वतश्रेणी कामिम है जो केरल राज्य में स्थित है ।

**58. भारत का कौन - सा राज्य अधिकतम राज्य सीमाओं को छूता है?**

( अ ) मध्य प्रदेश ( ब ) कर्नाटक

( स ) आंध्र प्रदेश **( द ) उत्तर प्रदेश**

**व्याख्या** - ( द ) भारत उत्तरप्रदेश राज्य अधिकतम ( 8 ) राज्यों की सीमाओं को छूता है ।

**59. भारत का दूसरा बड़ा नदी बेसिन है -**

( अ ) महानदी बेसिन ( ब ) नर्मदा बेसिन

**( स ) गोदावरी बेसिन** ( द ) कावेरी बेसिन

**व्याख्या** - ( स ) भारत में गंगा नदी बेसिन के बाद गोदावरी नदी बेसिन दूसरा बड़ा नदी बेसिन है ।

**60. पाक जलडमरूमध्य किनके मध्य स्थित है?**

( अ ) भारत और पाकिस्तान

( ब ) भारत और बांग्लादेश

**( स ) भारत और श्रीलंका**

( द ) भारत और मालदीव

**व्याख्या** - ( स ) पाक जलडमरूमध्य भारत और श्रीलंका के मध्य स्थित है ।

**61. इन्टट्रॉपिकल कन्वरजेंस जोन ( आइ. टी. सी. जेड. ), एक निम्न वायुदाब पेटी, स्थित है ।**

( अ ) व्यापारिक एवं पछुआ हवाओं की पेटी के मध्य

( ब ) पछुआ एवं ध्रुवीय हवाओं की पेटी के मध्य

( स ) ध्रुवों के समीपवर्ती क्षेत्र में

**( द ) भूमध्यरेखा पर**

**व्याख्या** - ( द ) इन्टरट्रॉपिकल कन्वरजेंस जोन ( ITCZ ) एक निम्न वायुदाब पेटी है जो भूमध्य रेखा पर स्थित है ।

**63. नेपानगर का सम्बन्ध किस उद्योग से है?**

( अ ) खाद **( ब ) अखबारी कागज**

( स ) चीनी ( द ) ऊनी वस्त्र

**व्याख्या** - ( ब ) मध्यप्रदेश के बुरहानपुर जिले में स्थापित नेपानगर न्यूज पेपर प्रिंट कारखाना अखबारी कागज के लिये प्रसिद्ध है ।

**64. मध्य प्रदेश के निम्नलिखित स्थानों में से कौन - सा एक 80° पूर्वी देशान्तर पर या उसके निकटतम स्थित है?**

**( अ ) जबलपुर** ( ब ) रीवा

( स ) पन्ना ( द ) कटनी

**व्याख्या** - मध्यप्रदेश के जबलपुर 80° पूर्वी देशांतर पर या उसके नजदीक स्थित है ।

**65. मध्य प्रदेश में'भावान्तर भुगतान योजना'किस क्षेत्र से सम्बन्धित है?**

( अ ) महिला विकास **( ब ) कृषि**

( स ) बाल विकास ( द ) उद्योग

**व्याख्या** - ( ब ) मध्यप्रदेश में भावांतर भुगतान योजना कृषि क्षेत्र से संबंधित है । यह योजना 16 अक्टूबर 2017 से आरंभ हुई है ।

**66. सीमा सुरक्षा बल ( बी. एस. एफ. ) के पास किन देशों की सीमाओं पर रक्षा का दायित्व है?**

(अ) पाकिस्तान व नेपाल (ब) पाकिस्तान व भूटान

**( स ) पाकिस्तान व बांग्लादेश** (द) पाकिस्तान व चीन

**व्याख्या** - ( स ) सीमा सुरक्षा बल ( BSF ) के पास पाकिस्तान व बांग्लादेश की सीमाओं पर रक्षा का दायित्व है ।

**67. निम्नलिखित में से कौन मध्य प्रदेश के कार्यवाहक राज्यपाल नहीं रहे है?**

( अ ) जस्टिस एन. डी. ओझा

( ब ) जस्टिस पी. बी. दीक्षित

**( स ) जस्टिस जी. डी. दीक्षित**

( द ) जस्टिस जी. पी. सिंह

**व्याख्या** - ( स ) जस्टिस जी. डी. दीक्षित मध्यप्रदेश के कार्यवाहक राज्यपाल नहीं रहे हैं ।

**68. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के तहत राज्यपाल को विधानमंडल के विश्रन्तिकाल में अध्यादेश प्रख्याकित करने की शक्ति प्राप्त हैं?**

( अ ) 155 ( ब ) 156

( स ) 212 **( द ) 213**

**व्याख्या** - ( द ) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 213 के तहत राज्यपाल के विधानमंडल के विश्रांतिलाल में अध्यादेश प्रख्यापित ( जारी ) करने की शक्ति प्राप्त है ।

mppsctarget.com
Be Calm, Work Hard

**69. वर्ष 2011 - 12 से 2015 - 16 तक मध्य प्रदेश की सकल राज्य घरेलू उत्पाद ( जी. एम. डी. पी. ) में वृद्धि दर रही है -***

**( अ ) 11.09 %** **( B ) 15.09 %**

**( C ) 16.09%** **( D ) 17.09%**

**व्याख्या - आयोग द्वारा इस प्रश्न को डिलीट कर दिया है।**

**70. स्वतंत्र भारत में प्रथम बार संसदीय सचिव का पद किस वर्ष सृजित किया गया?**

**( अ ) 1951** ( ब ) 1952

( स ) 1957 ( द ) 1962

**व्याख्या** - स्वतंत्र भारत में प्रथम बार संसदीय सचिव का पद वर्ष 1967 में सृजित किया गया जो कि चारों विकल्प में नहीं है अत: चारों विकल्प सही नहीं है ।

**71. निम्नलिखित में से कौन - सा सही सुमेलित नहीं है?**

| **भारतीय संविधान का अनुच्छेद** | **सम्बन्धित राज्य** |
|---|---|
| ( अ ) 371 क | नागालैंड |
| ( ब ) 371 ख | असम |
| **( स ) 371 ग** | **मेघालय** |
| ( द ) 371 घ | आंध्र प्रदेश |

**व्याख्या** - उपर्युक्त विकल्प में विकल्प ( स ) में उल्लेखित भारतीय संविधान के अनुच्छेद 371 ग मणिपुर राज्य से संबंधित है न कि मेद्यालय से अतः विकल्प ( स ) सही सुमेलित नहीं है ।

**72. लोक सभा में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित स्थानों की संख्या कितनी है?**

( अ ) 59 ( ब ) 69

( स ) 79 **( द ) 84**

**व्याख्या** - ( द ) लोकसभा में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित स्थानों की संख्या 84 है जबकि अनुसूचित जनजाति ( ST ) के लिये आरक्षित स्थानों की संख्या 47 है ।

**73. निम्नलिखित में कौन - सा सही सुमेलित नहीं है?**

| **राज्य** | **राज्य सभा में स्थानों का आवंटन** |
|---|---|
| **( अ ) आंध्र प्रदेश** | **18** |
| ( ब ) उड़ीसा | 10 |
| ( स ) तमिलनाडु | 18 |
| ( द ) महाराष्ट्र | 19 |

**व्याख्या** - ( अ ) उपर्युक्त विकल्पों में आंध्रप्रदेश राज्य के लिये राज्यसभा में स्थानों का आवंटन सही सुमेलित नहीं है क्योकि आंध्रप्रदेश के लिये राज्यसभा की सीटों की संख्या 11 है ।

**74. लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान की स्थापना किस वर्ष हुई?**

( अ ) 1952 **( ब ) 1957**

( स ) 1960 ( द ) 1961

**व्याख्या** - ( ब ) लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान (L. N. P. E. ) की स्थापना वर्ष 1957 में ग्वालियर में की गई ।

**75. 'एन पासेन्ट' किस खेल से सम्बन्धित है?**

( अ ) बिलियर्ड्स ( ब ) स्नूकर

( स ) कैरम **( द ) शतरंज**

**व्याख्या** - ( द ) एन पासेन्ट शब्दावली शतरंज ( चेस ) खेल से संबंधित है ।

**76. प्रथम राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार किसे प्रदान किया गया?**

**( अ ) विश्वनाथन आनंद** ( ब ) गीत सेठी

( स ) सचिन तेन्दुलकर ( द ) धनराज पिल्लै

**व्याख्या** - ( अ ) प्रथम राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार वर्ष 1992 में शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद को प्रदान किया गया था ।

**77. लिबरो'किस खेल से सम्बन्धित है?**

( अ ) कबड्डी ( ब ) खो - खो

( स ) बास्केटबॉल **( द ) वॉलीबॉल**

**78. प्रथम बार 1985 में द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्तकर्ता कौन थे?**

(अ) ओम. एम. नाम्बियार (ब) बी. बी. भागवत

( स ) ओम प्रकाश भारद्वाज **( द ) उपर्युक्त सभी**

**व्याख्या** - ( द ) प्रथम बार 1985 में खेल प्रशिक्षक गुरु द्रोणाचार्य पुरस्कार ओ. एम. नाम्बियार, ओमप्रकाश भारद्वाज एवं बी. बी. भागवत को प्रदान किया गया था ।

**79. मैराथन रेस की दूरी कितनी होती है?**

( अ ) 21 मील 385 गज ( ब ) 25 मील 385 गज

**( स ) 26 मील 385 गज** ( द ) 42 कि. मी.

**व्याख्या** - मैराथन रेस की दूरी 26 मील 385 गज ( 42.195 कि.मी. ) होती है।

**80. किस भारतीय खिलाड़ी ने ओलम्पिक में स्वर्ण पदक जीता है?**

( अ ) गगन नारंग ( ब ) राज्यवर्धन सिंह राठौर

**( स ) अभिनव बिन्द्रा** ( द ) सुशील कुमार

**व्याख्या** - भारतीय निशानेबाज, अभिनव बिन्द्रा ने बीजिंग ओलंपिक ( 2008 ) में भारत के लिये व्यक्तिगत स्पर्धा में पहला स्वर्ण पदक जीता ।

**81. 'राष्ट्रीय खेल दिवस' किस दिन मनाया जाता है?**

( अ ) 29 सितम्बर ( ब ) 14 नवम्बर

**( स ) 29 अगस्त** ( द ) 29 जुलाई

**व्याख्या** - ( स ) भारतीय हॉकी खिलाड़ी एवं हॉकी के जादूगर के नाम से प्रसिद्ध मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है ।

**82. वह खिलाड़ी कौन है जिसे अर्जुन पुरस्कार, द्रोणाचार्य पुरस्कार, राजीव गाँधी खेल रत्न व पद्म श्री सभी प्रदत्त किये गये?**

( अ ) अभिनव बिंद्रा ( ब ) सचिन तेन्दुलकर

( स ) प्रकाश पादुकोन **( द ) पुल्लेला गोपीचन्द**

**व्याख्या** - ( द ) वह बेडमिंटन खिलाड़ी पल्लेला गोपीचंद है जिसे अर्जन परस्कार द्रोणाचार्य पुरस्कार राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार एवं पदमश्री सम्मान प्रदान किये गये है ।

**83. मध्य प्रदेश की निम्नलिखित में से कौन - सी घाटी, भ्रंश घाटी नहीं है?**

( अ ) सोन घाटी ( ब ) नर्मदा घाटी

( स ) ताप्ती घाटी **( द ) चम्बल घाटी**

**व्याख्या** - ( द ) मध्यप्रदेश की चम्बल घाटी भ्रंश घाटी ( रिफ्ट वैली ) नही है । जबकि नर्मदा ताप्ती एवं सोन घाटी भ्रंश घाटी है । शिखर, धूपगढ़ स्थित है ।

**84. मध्य प्रदेश का सर्वोच्च शिखर, धूपगढ़ स्थित है । ***

**( अ ) सतपुड़ा श्रेणी में ( ब ) महादेव श्रेणी में**

**( स ) मैकाल श्रेणी में ( द ) विन्ध्ययन श्रेणी**

**व्याख्या - ( ब ) मध्यप्रदेश का सवोच्च शिखर धूपगढ़ सतपुड़ा पर्वत श्रेणी के उपक्षेत्र महादेव श्रेणी पर स्थित है । इस प्रश्न को आयोग ने डिलीट कर दिया ।**

**85. निम्नलिखित में से कौन - सी नदी चम्बल में नही मिलती है?**

( अ ) क्षिप्रा ( ब ) कालीसिंध

**( स ) बेतवा** ( द ) पार्वती

**व्याख्या** - ( स ) बेतवा नदी रायसेन जिले के कुमरागांव से उदगम हो म. प्र. उ. प्र. में प्रवाहित होते हुए अन्तत : उ. प्र. के हमीरपुर के निकट यमुना नदी में मिलती है अत : चम्बल नदी में नहीं मिलती है जबकि क्षिप्रा पार्वती एवं कालीसिंध चम्बल नदी में मिलती है ।

**86. मध्य प्रदेश का कौन - सा जिला गुजरात और राजस्थान राज्यों की सीमाओं को छूता है?**

**( अ ) झाबुआ** ( ब ) अलीराजपुर

( स ) रतलाम ( द ) मन्दसौर अध्ययमा

**व्याख्या** - ( अ ) मध्यप्रदेश का झाबुआ जिला गुजरात और राजस्थान राज्यों की सीमाओं को छूता है ।

**87. मध्य प्रदेश की जलवायु है -**

( अ ) भूमध्यरेखीय ( ब ) मरूस्थलीय

( स ) ध्रुवीय **( द ) मानसूनी**

**व्याख्या** - ( द ) मध्यप्रदेश की जलवाय मानसनी एवं ऊष्णकटिबंधीय है ।

**88. मलाजखंड किस खनिज उत्पादन से सम्बन्धित है?**

( अ ) लिग्नाहट **( ब ) ताँबा**

( स ) हीरा ( द ) लोह अयस्क

**व्याख्या** - ( द ) मलाजखंड ताँबा उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है ।

**89. मध्य प्रदेश के किस जिले में जनजातीय जनसंख्या का सर्वाधिक प्रतिशत है?**

( अ ) झाबुआ ( ब ) बड़वानी

**( स ) अलीराजपुर** ( द ) डिंडोरी

**व्याख्या** - ( स ) मध्यप्रदेश के अलीराजपुर जिले में जनजातीय ( ST ) जनसंख्या का सर्वाधिक ( 89 % ) प्रतिशत है ।

**90. गूजरी महल किसने बनवाया था?**

( अ ) अकबर ( ब ) शाहजहाँ

**( स ) मानसिंह** ( द ) इनमें से कोई नहीं

**व्याख्या** - ( स ) ग्वालियर के राजा मानसिंह तोमर ने अपनी प्रेयसी रानी मगनयनी के लिये गुजरी महल बनवाया था ।

**91. मध्य प्रदेश का कौन - सा नगर राष्ट्रीय राजमार्ग - 3 पर स्थित नहीं है?**

( अ ) सेंधवा ( ब ) मऊ

( स ) सारंगपुर **( द ) शुजालपुर**

**व्याख्या** - ( द ) आगरा - मुंबई ( ABROAD ) रोड के नाम से प्रसिद्ध राष्ट्रीय राजमार्ग NH - 3 मध्यप्रदेश के सेंधवा, मऊ, इंदौर, देवास, सारंगपुर, शाजापुर, गुना, शिवपुरी, ग्वालियर से गुजरता है जबकि शुजालपुर से नहीं गुजरता है।

**92. मध्यप्रदेश के 2017 - 18 के बजट में ए. एम. आर. यू. टी. योजना के लिए कितना प्रावधान किया गया?**

( अ ) रू, 5000 करोड़ ( ब ) रू. 600 करोड़

**( स ) रू. 700 करोड़** ( द ) रू. 800 करोड़

**व्याख्या** - ( स ) मध्यप्रदेश के 2017 - 18 के बजट में अमृत (AMRUT ) योजना के लिये रू. 700 करोड़ का प्रावधान किया है।

**93. निम्नलिखित में से मध्यप्रदेश के किस जिले का लिंगानुपात 1000 से अधिक हैं?**

( अ ) अनूपपुर ( ब ) बुरहानपुर

( स ) इंदौर **( द ) डिंडोरी**

**व्याख्या** - ( द ) मध्यप्रदेश के बालाघाट अलीराजपुर मंडला एवं डिण्डोरी जिले का लिंगानुपात 1000 से अधिक है। अत : उपर्युक्त विकल्पों में से विकल्प ( द ) सही हैं।

**94. इनमें से कौन मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव नहीं रहे हैं?**

( अ ) आर. पी. नाइक ( ब ) बी. के. दुबे

( स ) आर. एस. खन्ना **( द ) पी. के. नरोन्हा**

**व्याख्या** - ( द ) उपर्युक्त विकल्पों में से पी. के. नरोन्हा म. प्र. के मुख्य सचिव नहीं रहे हैं जबकि आर. पी. नरोन्हा म. प्र. के मुख्य सचिव रहे है।

**95. मध्य प्रदेश जिला योजना समिति अधिनियम किस वर्ष पारित किया गया?**

( अ ) 1997 **( ब ) 1995**

( स ) 1993 ( द ) 1991

**व्याख्या** - ( ब ) मध्यप्रदेश जिला योजना समिति अधिनियम वर्ष 1995 में पारित किया गया।

**96. तेजस्विनी ग्रामीण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम'में वित्तीय सहयोग प्रदान करने वाला संगठन है-**

( अ ) आइ.एम.एफ. ( ब ) आइ.एफ.सी.

**( स ) आइ.एफ.ए.डी.** ( द ) आइ.आइ.एम.ए

**व्याख्या** - ( स ) वर्ष 2006 से मध्यप्रदेश में क्रियान्वित तेजस्विनी ग्रामीण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में वित्तीय सहयोग अंतर्राष्ट्रीय संगठन आइ.एफ.ए.डी. ( IFAD ) कर रहा है।

**97. मध्य प्रदेश में'मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना'कब प्रारंभ हुई?**

( अ ) 2008 - 09 ( ब ) 2009 - 10

**( स ) 2010 - 11** ( द ) 2011 - 12

**व्याख्या** - ( स ) मध्यप्रदेश में "मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना" वर्ष 2010-11 में प्रारंभ की गई जबकि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना 25 दिसम्बर 2000 से आरंभ की गई है।

**98. 'एम. पी. इन्क्यूबेशन एण्ड स्टार्ट - अप पॉलिसी'किस वर्ष से लागू की गई है?**

( अ ) 2013 ( ब ) 2014

( स ) 2015 **( द ) 2016**

**व्याख्या** - ( द ) एम. पी. इन्क्यूबेशन एण्ड स्टार्ट अप पॉलिसी वर्ष 2016 से लागू की गई है।

**99. जनवरी 2018 में 'फ्रेन्डस ऑफ एम. पी. कॉन्क्लेव' किस शहर में आयोजित किया गया?**

( अ ) भोपाल ( ब ) जबलपुर

**( स ) इंदौर** ( द ) ग्वालियर

**व्याख्या** - ( स ) जनवरी 2018 में फ्रेण्ड्स ऑफ एम. पी. कॉमनवेल्थ इंदौर शहर में आयोजित किया गया।

**100. 'अटल ज्योति योजना - 2013' के अंतर्गत ग्रामीण कृषि क्षेत्र को कितने न्यूनतम घंटे बिजली देने का प्रावधान किया गया?**

**( अ ) 10** ( ब ) 12

( स ) 14 ( द ) 16

**व्याख्या** - ( अ ) "अटल ज्योति योजना 2013" के अंतर्गत ग्रामीण कृषि क्षेत्र को न्यूनतम 10 घंटे बिजली देने का प्रावधान किया गया।